# मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY)

## (शहरी रोजगार मंजूरी फॉर कामगार)



श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड



## "कोरोना काल में काम न मिलने से हुए बेरोजगार, MSY ने जीवन किया साकार"

इस साल के शुरुआती महीनों में हमारे देश में वैश्विक महामारी कोरोना का संक्रमण दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा था, जिसकी वजह से लॉकडाउन की अवधि भी बढ़ती जा रही थी। इसके साथ ही आजीविका के लिए रोजगार के साधन भी बंद हो गए थे। ऐसी परिस्थिति में राज्य में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) के तहत श्रमिकों को कार्य देने का शुभारंभ गुमला नगर निकाय के द्वारा 22 मार्च, 2021 को विशेष सफाई अभियान के रूप में किया गया। इस योजना के तहत श्रमिकों के पंजीकरण की दिशा में सतत कार्य भी चल रहा है। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) के तहत गुमला में इस समय कुल 31 योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें शहर की साफ-सफाई, नाली निर्माण, सड़क निर्माण का कार्य जारी है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों की तरह ही शहरी क्षेत्र में रहने वाले सभी बेरोजगार श्रमिकों को राज्य सरकार के द्वारा साल भर में 100 दिन के रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यह योजना प्रदेश के श्रमिकों के जीवन में एक नयी रौशनी बनकर आई है। धीरे-धीरे इस योजना से शहरी क्षेत्र के श्रमिक अवगत हो रहे हैं और उनकी रूचि भी इस योजना में साफ तौर पर देखी जा रही है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं॰: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA